हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, रविवार, 31 दिसंबर 2023

15 धौलगिरी सदन ने जीती ट्रॉफी



15 यज्ञ में आहुति डालकर जीव सेवा का संकल्प लिया



## खबर संक्षेप

### युवक से चाकू के बल पर गाड़ी छीनी

**बहादुरगढ़।** शहर में शनिवार की देर शाम को एक युवक के साथ वारदात हो गई। यहां चाकू के बल पर युवक से गाड़ी छीन ली गई। वारदात आर्य नगर के रोहित के साथ हुई है। रोहित शनिवार की देर शाम करीब 7 बजे सेक्टर 9 बाईपास स्थित नए अड्डे से अपने घर की ओर जा रहा था। रास्ते में एक युवक ने इशारा कर उसे रुकवाया और फिर चाकू के बल पर गाड़ी छीनकर फरार हो गया। युवक ने जैसे तैसे सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और तफ्तीश शुरू की।

### बैड के अंदर रखी रिवाल्वर व गोलियां चोरी

**झज्जर।** बेरी क्षेत्र के गांव बाघपुर में बैड के अंदर रखी रिवाल्वर व गोलियां चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में बाघपुर निवासी अदीप कुमार ने बताया कि उसने वर्ष 2009 में अपना शस्त्र लाइसेंस बनवाया था जिस पर उसने एक रिवाल्वर व दस राउंड खरीद किए थे। अदीप कुमार के अनुसार उसने अपनी रिवाल्वर व दस गोलियों को कवर में डाल कर कमरे में रखे बैड के अंदर रख दिया था।

### पुलिस ने छीना झपटी के दो आरोपियों को दबोचा

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने मोबाइल फोन छीनाझपटी के मामले में कार्रवाई करते हुए नाबालिक सहित दो आरोपियों को काबू किया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी जितेंद्र ने बताया कि सुरजीत नाम के युवक ने शिकायत दी थी आरोपी बुधराम इंदिरा पार्क लाइनपार का रहने वाला है। जबकि दूसरा आरोपी नाबालिग है। आरोपियों से मोबाइल बरामद कर लिया गया है।

### गाड़ी और स्कूटी चोरी, मामला दर्ज

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहनों की चोरी नहीं थम रही। अब दो और वाहन मालिकों ने पुलिस को शिकायत दी है। संबंधित थानों की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में किला मोहल्ला के निवासी विनोद का कहना है कि उसकी एचएनजी गेट के निकट दुकान है। गत 28 दिसंबर को बेटे ने वहां मेरी गाड़ी खड़ी की थी। उधर, दिल्ली के निवासी जितेंद्र का कहना है कि उसने बहादुरगढ़ में ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के नीचे अपनी स्कूटी खड़ी की फिर सेक्टर-17 चला गया।

### टैंपो में शराब भरकर ले जाते तीन आरोपी काबू

**बहादुरगढ़।** हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो झज्जर की एक टीम द्वारा तीन आरोपियों को टैंपो में अवैध शराब भरकर ले जाने के मामले में काबू किया गया है। पुलिस टीम द्वारा रिलेक्सो फैक्ट्री बहादुरगढ़ के नजदीक से दिल्ली की तरफ जाने वाली साइड में नाकाबंदी की गई। अवैध शराब के साथ पकड़े गए आरोपियों की पहचान संजय, रामपाल व सीटु के रूप में हुई। तीनों उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। आरोपियों से अवैध शराब अंग्रेजी की 30 पेटी पव्वा व देसी शराब की 50 पेटी बोतल बरामद हुई हैं।

### धक्का देकर मोबाइल ले भागे शातिर

**बहादुरगढ़।** उत्तर प्रदेश के निवासी एक युवक के साथ बहादुरगढ़ में छीना झपटी की वारदात हो गई। पार्क के निकट टहलते वक्त पहले तो दो युवकों ने उसे बातों में लगाया और फिर मोबाइल लेकर चंपत हो गए। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सुरजीत सिंह के साथ हुई है। सुरजीत उत्तर प्रदेश के फतेहपुरी इलाके का रहने वाला है। पिछले कुछ समय से यहां बहादुरगढ़ में झज्जर मोड़ के निकट रहता है। एक कंपनी में काम करता है। शुक्रवार को वह देवीलाल पार्क के पास घूम रहा था। इसी दौरान वारदात का शिकार हो गया।

## मायके पक्ष का तर्क, जांच में अधिकारियों को कुछ नहीं मिला

# 24 घंटे की जांच के बाद वापस लौटी ईडी की टीम

दिसंबर माह के मध्य में ईडी ने गेन बिटकॉइन पोंजी स्कीम मामले में सिंपी भारद्वाज और अजय भरद्वाज के घर पर सर्च अभियान चलाया था। सिंपी को 6600 करोड़ से अधिक रुपये के क्रिप्टो करंसी केस में दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



लगभग 6600 करोड़ रुपये के क्रिप्टो करंसी केस में मुंबई से बहादुरगढ़ पहुंची टीम ने यहां आरोपी सिंपी भारद्वाज के मायके में 24 घंटे से अधिक समय तक गहन जांच की। इस दौरान मकान को पूरी तरह से खंगाल डाला गया। बैंक, प्रॉपर्टी आदि दस्तावेज खंगालने के बाद टीम वापस लौट गई। इस दौरान अधिकारियों को क्या कुछ मिला, इसकी पुष्टि नहीं की गई, लेकिन परिजनों का तर्क है कि यहां से उन्हें कुछ नहीं मिला है।

दरअसल, दिसंबर माह के मध्य में ईडी ने गेन बिटकॉइन पोंजी स्कीम मामले में सिंपी भारद्वाज और अजय भरद्वाज के घर पर सर्च अभियान चलाया था। इस दौरान सिंपी को 6600 करोड़ से अधिक रुपये के क्रिप्टो करंसी केस में दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पुलिस ने उससे पूछताछ की। मामले की तह तक जाने के लिए ईडी सिंपी के परिजनों पर भी नजर बनाए हुए हैं। सिंपी का मायका बहादुरगढ़ में है। मामले की जांच के दौरान वीरवार की रात को मुंबई से ईडी की टीम यहां सेक्टर-2 स्थित सिंपी के पिता के घर पर पहुंची। यहां उसके पिता व भाइयों से गहनता से पूछताछ की। वीरवार से शुक्रवार की रात यानी लगभग 24 घंटे तक जांच का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान सीआईएसएफ के जवानों ने न तो किसी को बाहर निकलने दिया और न ही किसी बाहर के शख्स को अंदर जाने दिया। रात करीब 9 बजे तक कार्रवाई करने के बाद टीम वापस रवाना हो गई। इस दौरान टीम को क्या कुछ हाथ लगा, इस बारे में पुष्टि नहीं की गई है। दूसरी तरफ परिजनों का तर्क है कि उनका इस मामले में कोई रोल नहीं है। हमने जांच में पूर्ण सहयोग किया। टीम ने प्रॉपर्टी, बैंक आदि दस्तावेज चेक किए हैं। यहां उन्हें ऐसा कुछ नहीं मिला है।

# लोगों को दिलाई विकसित भारत बनाने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने कहा कि सरकार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के एक समान विकास को प्रतिबद्ध है। प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में सजगता के साथ सरकार कार्य कर रही है। इतना ही नहीं केंद्र व राज्य सरकार ने हमेशा किसान, महिला, युवा व गरीब वर्ग का ध्यान रखा है। कौशिक शनिवार को शहर के लाइनपार पार्क में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

मुख्य अतिथि कौशिक ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद प्रदेश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुरू की जा रही है, ताकि योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। वहीं, शहर की छोटूराम धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नवीन उर्फ बंटी ने शहरवासियों से सीधा संवाद किया। भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रगतिशील किसानों व प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के विचार सांझा करने के साथ उन्हें प्रोत्साहित किया गया। नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान लोगों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी, वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, ईओ संजय रोहिल्ला, पार्षद ज्योति रानी, संदीप पार्षद, राजेश कुमार, मंडल अध्यक्ष कृष्ण चंद्र, एलओ नीरज कुमार, एमई अर्जुन, जेई नीरज, पार्षद राजरानी ठाकरे आदि मौजूद थे।



बहादुरगढ़। एक स्टॉल का अवलोकन करते मुख्य अतिथि। फोटो: हरिभूमि

### बहादुरगढ़ शहर में आज और कल कई वार्डों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार और सोमवार को बहादुरगढ़ शहर के कई वार्डों में पंहुचेगी। उन्होंने बताया कि रविवार को बहादुरगढ़ के वार्ड 17 स्थित होशियार सिंह स्टेडियम में प्रातः दस बजे विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचेगी। इस कार्यक्रम में शहर के वार्ड संख्या 17,18,19 और 21 के नागरिकों को आमंत्रित किया गया है,जबकि दोपहर दो बजे संकल्प यात्रा बहादुरगढ़ के वार्ड 12 स्थित ओल्ड बस स्टैंड, दिल्ली-रोहतक रोड पहुंचेगी,जहां शहर के वार्ड संख्या 12,14 और 16 के नागरिक भाग लेकर कार्यक्रम के सहभागी बनेंगे। वहीं सोमवार को संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम सुबह 10 बजे वार्ड 15 स्थित भगत सिंह पार्क बालौर रोड पर आयोजित होगा। जिसमें बहादुरगढ़ शहर के वार्ड संख्या 13,15 और 25 के पात्र लाभार्थी और आमजन केंद्र और प्रदेश सरकार की जुड़ी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। वहीं दोपहर दो बजे वार्ड 24 स्थित राव तुलाराम पार्क में विकसित भारत संकल्प यात्रा पंहुचेगी, जिसमें वार्ड संख्या 22 से 24 और वार्ड 26 से 30 तक के नागरिक भाग ले सकेंगे।

## नववर्ष पर हुडदंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई:एसपी



**झज्जर।** नववर्ष के उल्लास के दौरान किसी तरह की अप्रिय घटना घटित न हो, इसके लिए जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है। एसपी डॉक्टर अर्पित जैन ने बताया कि सभी थाना व चौकी प्रभारियों को नाकाबंदी करने व गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रबंधक थाना यातायात बहादुरगढ़ तथा यातायात प्रभारी झज्जर अपने अपने क्षेत्रों में यातायात सुचारू चलाए रखने सहित वाहन चालकों को एल्को मीटर द्वारा चैक करेंगे और शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के चालान करेंगे। उन्होंने बताया कि नववर्ष आगमन के मद्धेनजर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मचारियों को सार्वजनिक स्थानों तथा चौक चौराहों पर तैनात किया जाएगा। सभी थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्ज स्वयं भी अपने अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए गश्त पर रहेंगे।

# रोड शो निकालकर दिया राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम का निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नवीन बंटी ने शनिवार को कार्यकर्ताओं के साथ शहर में रोड शो निकाला। इस रोड शो के जरिये नवीन बंटी ने हलकावासियों को 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस कार्यक्रम का हिस्सा बने।

नवीन बंटी के नेतृत्व में माल गोदाम से यह रोड शो शुरू हुआ। रेलवे रोड, दिल्ली-रोहतक रोड, पुराना कमेटी चौक, मेन बाजार, सुभाष चौक, गांधी चौक, मांडोठी बाजार से होकर शहीदी पार्क तक रोड शो निकाला गया। भाजपा कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों व डीजे की धुन पर जय श्रीराम, जय श्रीराम के गगन भेदी जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, जिससे क्षेत्र का पूरा माहौल राममय नजर आया। इस दौरान माल गोदाम रोड, रेलवे रोड, दिल्ली-रोहतक रोड, मेन बाजार सहित कई जगहों पर दुकानदारों और आम नागरिकों ने फूलमाला तथा शॉल ओढ़ाकर नवीन बंटी का सम्मान किया। नवीन बंटी ने कहा कि देश व विश्व के करोड़ों लोगों का सपना था कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का एक भव्य मंदिर बने, जिसमे रामलला विराजमान हो। सुप्रीम कोर्ट से राम मंदिर पक्ष में फैसला आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राथमिकता के आधार पर देश के करोड़ों लोगों की आस्था का सम्मान करते हुए अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कराया है। मंदिर 22 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा के बाद विधिवत उद्घाटन होने के बाद आमजन के दर्शन के लिए खुल जाएगा।



बहादुरगढ़। लोगों को उद्घाटन कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए निकाला जा रहा रोड शो। फोटो: हरिभूमि

### मदद के बदले मिला धोखा रुपयों से भरा बैग ले भागा

**बहादुरगढ़।** रोहतक जिले के निवासी एक व्यक्ति के साथ यहां बहादुरगढ़ में वश्विासघात हो गया। उसने जिस शख्स की मदद की, वही उसे एक लाख से अधिक की चपत लगा गया। उसका बैग लेकर भाग गया। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। शिकायत के आधार पर सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात रोहतक जिले के गांव बलंभा निवासी रवि के साथ हुई है। रवि का कहना है कि वह जेएनयू गोमती गेस्ट हाउस, नई दिल्ली में नौकरी करता है। हाल ही में वह अपनी ड्यूटी खत्म करके वापस अपने घर पर जा रहा था। सामान लेने के लिए वह बहादुरगढ़ शहर में मेट्रो से उतरा और रेलवे रोड पहुंचा। वहां उसे एक व्यक्ति मिला और उससे कहा कि मैं भूखा हूं, मुझे कुछ पैसे दे दो। इस पर उसने भोजन के लिए 500 रुपये दे दिए। इसके बाद उसने कहा कि मैं भूखा हूं मुझे कुछ खाना खिला दो तो उसने अपना बैग रेलवे रोड पर एक जूस की दुकान पर बाहर रख दिया। इसी दौरान जब जूस लेकर बाहर आया तो वह शख्स बैग चोरी करके ले जा चुका था। बैग में एक लाख रुपये, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड के अलावा मोबाइल फोन भी था।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते भाजपा नेता रवींद्र बराही।

### लोहारहेड़ी में किया गया मातृशक्ति का सम्मान

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता एवं जिला पार्षद रवींद्र छिल्लर बराही द्वारा मातृशक्ति के सम्मान में समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को गांव लोहारहेड़ी मे समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में भाजपा नेता रवींद्र बराही ने गांव की मातृशक्ति का शोल ओढाकर सम्मान किया। समारोह में बड़ी तादाद में महिलाएं उपस्थित थीं। मातृशक्ति ने भाजपा नेता रवींद्र को आशीर्वाद दिया। उनके द्वारा की जा रही सेवाओं की सराहना की। भाजपा नेता रवींद्र ने कहा कि बहादुरगढ़ विधानसभा के सभी गांवों तथा शहर के सभी 31 वार्डों में इसी तरह समारोह आयोजित करके मातृशक्ति का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की राष्ट्रपति भी आज मातृशक्ति हैं। मातृशक्ति किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। इसके अलावा मातृशक्ति आज विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं और देश का सम्मान बढ़ा रही है। सम्मान समारोह में मातृशक्ति से सेवा करने का जो आशीर्वाद मिला है, उससे समाजसेवा करने का ओर जज्बा बढ़ा है। भाजपा नेता रवींद्र बराही ने कहा कि हम भविष्य में भी इसी प्रकार मातृशक्ति का सम्मान करने के साथ-साथ समाजहित में काम करते रहेंगे।

### सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**बहादुरगढ़।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति ने इलाज के दौरान पीजीआई रोहतक में दम तोड़ दिया। उसकी मौत के लिए परिजनों ने एक ब्रेजा गाड़ी चालक को जम्मिेदार ठहराया है। बादली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान सत्ते के रूप में हुई है। वह दल्लिी के नजफगढ़ इलाके का रहने वाला था। गत 24 दिसंबर को वह जहांगीरपुर गांव गया था। रात करीब साढ़े आठ बजे अड्डे पर वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान तीव्र गति से आई ब्रेजा गाड़ी की चपेट में आ गया। उसे काफी चोट आई। लोगों ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। तब से उसका इलाज जारी था। अब इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस पीजीआई में पहुंची और परिजनों के बयान लिए। बेटे के बयान पर पुलिस ने ब्रेजा गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



बहादुरगढ़। प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सैनी के साथ समाज के लोग।

### प्रदेशाध्यक्ष से की मुलाकात

**बहादुरगढ़।** सैनी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा नेता जसबीर सैनी व संजीव सैनी की अगुवाई में प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद नायब सैनी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न मुद्दों, समस्याओं पर सांसद के साथ चर्चा की। समाज के लोगों ने सांसद सैनी का 11 अप्रैल महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती व 20 दिसंबर महाराजा शूरसैनी जयंती पर हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी अवकाश घोषित करने पर आभार जताया।

मुलाकात के बाद प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता को पहले विधायक, फिर मंत्री, सांसद और अब प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। यह सिर्फ भाजपा में ही संभव है। इसलिए सभी एकजुट होकर भाजपा को जिताने का कार्य करें। अतरे सैनी, सुभाष शर्मा, जोगेंद्र दलाल, किशन सैनी, रवि कुमार, करण सैनी, नीरज सैनी, मनोज सैनी, नफे सैनी आदि इस अवसर पर मौजूद थे।

### प्लांट में बाहर से आई गाड़ी तो जताई नाराजगी

**बहादुरगढ़।** भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत सड़क दुर्घटना के नए कानून का विरोध जारी है। लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी एचपीसीएल प्लांट के ट्रक ऑपरेटर हड़ताल पर रहे। हड़ताली ऑपरेटरों ने जोर-जोर से इस कानून को वापस लेने की मांग उठाई। हड़ताल के दौरान दोपहर बाद बाहर से एक गाड़ी प्लांट में आई तो हड़ताली ऑपरेटरों ने एतराज जताना शुरू कर दिया। सभी ऑपरेटर इकट्ठे हो गए और बाहर से आई गाड़ी के नजदीक खड़े हो गए। हालात ये हुए कि प्रबंधन को पुलिस बुलानी पड़ गई। पुलिस सुरक्षा के बीच गाड़ी को बाहर निकाला गया। इस दौरान हड़ताली चालकों ने कहा कि वे हड़ताल करके खुश नहीं हैं लेकिन मजबूर हैं। नया कानून पूरी तरह से चालकों के खिलाफ है। सरकार को चालकों की सुरक्षा पर ध्यान रखते हुए कानून बनाना चाहिए। कोई भी चालक जानबूझकर एक्सीडेंट नहीं करता। अगर चालक वहां रुकता है तो पब्लिक द्वारा नुकसान पहुंचाने की आशंका रहती है। कई बार खुद की जान बचाने के लिए चालक मौके से निकालता है। प्रबंधन से भी यही अपील है कि वो हमारी परेशानी को समझें। हमारा साथ दे ताकि आवाज मजबूत हो सके।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसपी डॉक्टर अर्पित जैन।

### एसपी ने सभी एमएचसी व कंप्यूटर ऑपरेटर को दिए रिकार्ड अपडेट रखने के निर्देश

**झज्जर।** शनिवार को जिला पुलिस मुख्यालय पर एसपी डॉक्टर अर्पित जैन ने जिले के सभी एमएचसी व कंप्यूटर ऑपरेटर की बैठक लेते हुए सीसीटीएनएस, आईसीजेएस सॉफ्टवेयर के ऑनलाइन आंकड़ों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की वेरिफिकेशन को आईसीजेएस में आवश्यक तौर पर सर्च किया जाए ताकि उसका अपराधिक इतिहास का पता चल सके। जितने भी केस कोर्ट में चल रहे हैं सभी को सीसीटीएनएस पर अपलोड करें। किसी भी थाना क्षेत्र में अगर कोई अज्ञात व्यक्ति मिलता है तो उसकी जानकारी भी सीसीटीएनएस में अपलोड करें। उन्होंने कहा कि किसी भी चोरी शुदा वाहन को बरामद करने पर उसका इंजन व चेसीस नंबर अपने रिकॉर्ड में दर्ज करें। वहीं जितने भी वाहनों को इंपाउंड किया जाता है, उन्हें आईसीजीएस में रिकॉर्ड करें ताकि चोरी शुदा वाहनों के साथ पकड़े जाने पर आरोपियों के खिलाफ कानून कार्रवाई अमल मे लाई जा सके। उन्होंने कहा कि थाना के जितने भी मोस्ट वांटेड, पीओ व बेल जंपर हैं उनको समय-समय पर आईसीजेएस में अपडेट किया जाए। बैठक में सभी एमएचसी को थानों की व्यवस्थाओं तथा रिकॉर्ड व अन्य सामान के रखरखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय अनिल कुमार, जेल अधीक्षक सेवा सिंह, एडीए नवदीप बल्हारा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## उद्यमी संस्था ने अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने पर किया समारोह का आयोजन

# वरिष्ठ उद्यमी सुशील गोयल को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कंफेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज (कोबी) की ओर से शनिवार को दो वर्ष पूरे होने पर समारोह आयोजित किया गया। इसमें जिले भर से काफी उद्योगपति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरियाणा व्यापार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण गोयल, हरियाणा व्यापार कल्याण बोर्ड के जिले के चेयरमैन अशोक गुप्ता उपस्थित हुए। सभी का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया गया।

समारोह में कोबी की ओर से उद्योगपति सुशील गोयल को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम में भिंडावास से एक स्कूल की छात्रा ललिता को साइकिलिंग प्रतिस्पर्धा के लिए कोबी की तरफ से एक साइकिल भेंट की गई। कोबी के प्रधान प्रवीण गर्ग ने बताया कि हरियाणा व्यापार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन बाल किशन अग्रवाल के मार्ग दर्शन में प्रधानमंत्री बीमा योजना पंजीकरण सुविधा केन्द्र शुरू की गई। इस सुविधा केन्द्र के माध्यम से योजनाओं के पंजीकरण के लिए एक जनवरी 2024 से सोमवार से शुक्रवार सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक पहुंचकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। वहीं उद्योगपतियों ने उनसे आह्वान किया कि आईटीआई के छात्रों के लिए एक सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया जाए ताकि छात्रों को उनकी पर्सनेलिटी डेवलपमेंट और कार्य स्थल में किस तरह के शिष्टाचार का पालन करना चाहिए ये सब सिखाया जा सके।

प्रदूषण रहित पर्यावरण शून्य अपशिष्ट प्रबंध के बारे में भी जानकारी दी गई। औद्योगिक कचरा या सीवर निस्तारण का समाधान के बारे में भी साझा प्रयास शुरू किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा की बहादुरगढ़ ब्रांच मैनेजर मेघा गोयल, आईटीआई भापड़ौदा के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार भी उपस्थित रहे। इस मौके पर उपप्रधान विपिन बजाज, कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, महासचिव प्रदीप कौल, दीपक शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, सरदार गुरप्रीत सिंह, पुरुषोत्तम गोयल, नरदेव दाहिया, प्रवीण मित्तल, आरबी यादव, तिलक राज गर्ग, आरएम भार्गव, चिराग सिंघल मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित बालकिशन अग्रवाल व उद्यमी। फोटो: हरिभूमि

# गिरते को करो सलाम, खूब लगाओ दांव, बरसेगा धन

## सिर्फ 100 रुपये हर रोज बचाएं और बन जाएं मालामाल



सुझाव | बिजनेस डेस्क

- सिर्फ चाय-सिगरेट के पैसों से भी बन सकते हैं करोड़पति
- नौकरी के साथ साथ ही तैयार हो जाएगा मोटा फंड
- चैन से कटेगा बुढ़ापा, बच्चों की शिक्षा के खर्च की नहीं होगी टेंशन
- म्यूचुअल फंड की एसआईपी में 12 फीसदी तक मिल रहा रिटर्न

कहते हैं कि अमीर बनने का सबसे आसान तरीका है, बचत करना। आजकल तो निवेश के ऐसे विकल्प भी मौजूद हैं, जो मामूली सी रकम को पैसों के ढेर में बदल सकते हैं। बावजूद इसके लोगों में बचत और निवेश को लेकर जागरुकता काफी कम है। अगर कोई निवेशक सिर्फ चाय और सिगरेट की आदत छोड़कर इन पैसों को निवेश करें तो नौकरी खत्म होने तक उनके पास 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड जमा हो जाएगा। बाजार के जानकारों का कहना है कि निवेश को लेकर लोगों के सुस्त रुझान से बहुत दिक्कतें आती हैं और कई लोग तो आर्थिक रूप से तंगहाली में ही दम तोड़ देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 20 करोड़ ऐसे यूजर हैं, जिनके पास किसी न किसी ओटीटी का सब्सक्रिप्शन है. इस पर हर महीने 150 से 200 रुपये खर्च करते हैं, लेकिन म्यूचुअल फंड में 100 रुपये से भी निवेश करने वालों की संख्या इसकी महज 10 फीसदी यानी 2 करोड़ है. राधिका की बात कई मायनों में सही भी है, क्योंकि अगर नौकरी शुरू करने वाला युवा सिर्फ रोज के चाय-सिगरेट जितने खर्च का पैसा भी निवेश करे तो रिटायरमेंट तक मोटा फंड तैयार हो जाएगा।

### हर महीने कितना पैसा होगा जमा

मान लीजिए कोई दिनभर में सिर्फ 3 सिगरेट पीता है, जिस पर उसका औसतन खर्चा 60 रुपये होता है। इसके अलावा ऑफिस टाइम में 3 से 4 कप चाय पीता है तो भी औसतन 40 रुपये का खर्चा आएगा। दोनों को जोड़ दिया जाए तो रोजाना सिर्फ चाय-सिगरेट पर ही 100 रुपये का खर्चा हो जाएगा। यानी महीने में निवेश करने वाली रकम करीब 3,000 रुपये होगी।

### कैसे बनेगा करोड़ों का फंड

निवेश के जानकारों का कहना है कि अगर सिर्फ रोजना के चाय और सिगरेट के पैसों को निवेश किया जाए तो नौकरी करने के दौरान यानी करीब 30 साल में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड तैयार हो जाएगा। अगर 30 साल की उम्र में नौकरी शुरू करने के साथ ही कोई 3000 रुपये हर महीने की एसआईपी शुरू करता है तो 30 साल में उसकी ओर से कुल 10.80 लाख रुपये का निवेश किया जाएगा। इक्विटी म्यूचुअल फंड का लंबी अवधि में औसतन रिटर्न 12 फीसदी रहता है। इसी रिटर्न से देखा जाए तो रिटायरमेंट तक यह निवेश बढ़कर 1,05,89,741 रुपये पहुंच जाएगी। इस दौरान 95,09,741 रुपये सिर्फ ब्याज के रूप में मिलेंगे।

### किस फंड पर दांव लगाना सही

ऐसा नहीं है कि म्यूचुअल फंड सिप पर 12 फीसदी रिटर्न सिर्फ कहने की बात है। बाजार में कई ऐसी फंड योजनाएं हैं, जो 20 साल की लंबी अवधि में 12 फीसदी से कहीं ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखती हैं। पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के अनुसार, कई ऐसे ही फंड हैं, जिनका 20 साल का औसतन रिटर्न 12 फीसदी से कहीं ज्यादा है।

### इन फंडों का ऐसा रिटर्न

- आदित्य बिड़ला वेल्थ एस्पायर फंड ने 10 साल से ज्यादा निवेश पर 19.20% फीसदी का रिटर्न दिया है।
- बजाज आलियांज स्मार्ट वेल्थ लक्ष्य ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 17.90% सालाना का रिटर्न दिया।
- एचडीएफसी लाइफ संपूर्ण निवेश में पैसे लगाने वालों को लंबी अवधि में हर साल 17.70% का रिटर्न मिला।
- मैक्स लाइफ ऑनलाइन बचत ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 16.90% का रिटर्न मिला।
- भारती एक्सा लाइफ वेल्थ प्रो फंड ने भी 10 साल से ज्यादा अवधि में 16.60% का औसतन रिटर्न दिया है।



## निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

- बाजार में तेज गिरावट के समय दिग्गज देते हैं खरीदारी की सलाह
- यह पैसा बढ़ाने का सबसे बेहतर फार्मूला, कभी नहीं होंगे कंगाल
- अक्सर गिरावट के समय लोग पैनिक होते और पैसे निकालते हैं
- यह परंपरा गलत, रिकवरी का नहीं मिलता लाभ, होता है नुकसान
- निवेश का पहला मूल मंत्र संयम बनाए रखें
- इंतजार करें और अपने निवेश को बढ़ाते जाएं
- बाजार के उतार-चढ़ाव से घराएं नहीं
- शेयर बाजार में निवेश के लिए जरूरी है धैर्य
- जल्दबाजी में शेयर बेचने से हो सकता है नुकसान
- शेयर में पैसा लगाने से पहले देखें कंपनी की वित्तीय स्थिति

शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं या करने जा रहे हैं तो एक बात पल्ले गांठ बांध लें कि मोटे पैसे कमाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसलिए सबसे पहले तो लंबी अवधि के निवेश पर ध्यान दें। निवेश करने से पहले जिस कंपनी के शेयर खरीद रहे हैं, उसकी प्रोफाइल भी जांच लें। हां एक बात और ध्यान रखें की निवेश से पहले अपने गोल तय करें और शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव से घबराएं नहीं। धैर्य और संयम बनाए रखें। अक्स्र देखने में आता है कि पैसा लगाने वाले नए लोग एक बड़ी गलती ये करते हैं कि वह बढ़ते शेयरों पर दांव खेलते हैं। इसमें कुछ खराबी नहीं है, लेकिन इनसे कमाई की संभावना कम होती है या रिटर्न बेहद कम ही मिल पाता है। कई बार तो नुकसान भी उठाना पड़ता है। अगर कोई शेयर अपने 52 हफ्तों के हाई के आसपास ट्रेड कर रहा है तो नए निवशकों को उससे दूरी ही बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि उस शेयर के गिरने के चांस काफी हाई होते हैं। इसलिए अक्सर कहा जाता है कि बाजार में ऐसे शेयरों में पैसा लगाएं जो काफी टूट गए हों। यानी शेयर बाजार में गिरते को सलाम करें और खूब निवेश करेंगे तो धन बरसेगा यानी आपको बेहतर रिटर्न मिलेगा।

बाजार के जानकारों का कहना है कि यह कोई नहीं बात नहीं है। यह काफी पुराना और आजमाया हुआ फॉर्मूला है। बाजार के मंझे हुए खिलाड़ी इसे अच्छे से समझते हैं, लेकिन इसमें एक परेशानी यह है कि आपको कैसे पता चलेगा कि कोई शेयर अब अपने निचले स्तर तक पहुंच चुका है और अब वह उससे नीचे नहीं जाएगा। इसके पीछे कई फैक्टर्स काम करते हैं, लेकिन एक महत्वपूर्ण इंडिकेशन है कि उस शेयर का पिछला रिकॉर्ड लो है। अगर वह शेयर अपने रिकॉर्ड लो के करीब या उससे नीचे पहुंच गया है तो इसका मतलब है कि अब उस शेयर में खरीदारी का समय है। इस समय निवेशकों को चाहिए कि वे निवेश करें और अच्छा रिटर्न प्राप्त करें।



### अगर जारी रहा डाउनवर्ड ट्रेंड

एक सवाल ऐसे में यह भी उठता है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहा तो क्या होगा। कई इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी फर्म इस पर कहती है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहता भी है तो भी घबराने की जरूरत नहीं है। कई बार मार्केट डाउन होने पर मजूबत शेयर भी क्रॉस फायरिंग में फंसते हैं और गिरते रहते हैं। यही वह समय है जब आपको घबराने की जरूरतर नहीं है और संयम बरतना है। अगर ऐसे में गिरावट से आपको घाटा लग भी रहा हो तो भी अपने शेयर को बेचें नहीं और धैर्य बनाए रखें, क्योंकि ये मजबूत शेयर जरूर वापसी करेंगे और आपके द्वारा डिस्काउंट पर की गई खरीदारी आपको जबरदस्त कमाई कराएगी यानी आपको मालामाल होने से कोई नहीं रोक पाएगा।

### किस बात का रखना है विशेष ध्यान

यह जरूर याद रखें कि किसी भी शेयर को बिना जांचे परखे न खरीदें। शेयर खरीदने से पहले कंपनी के वित्त और उस सेक्टर के भविष्य को लेकर अध्ययन जरूर कर लें। गिरावट की स्थिति में अगर खराब शेयर हाथ में लग तो 'कंगाली में आटा गीला' वाला हाल हो जाएगा।

### दिग्गजों की सलाह

जाने-माने निवेशक वॉरेन बफे ने 2016 में कहा था कि जब मार्केट नीचे जा रहा हो तो शेयर खरीदने से पहले बहुत ज्यादा छानबीन नहीं करेंगे तो भी चल जाएगा। दिग्गज निवेशक जैक बोगल ने भी एक इंटरव्यू में 2018 में कहा था कि बाजार में हो रहे बदलावों (गिरावट) से घबराकर अपने मन को ना बदलें और शेयर खरीदकर उसे होल्ड करें। अगर आप रिकवरी (बाजार की) का फायदा उठाने से चूके तो संभव है कि आप अपने वित्तीय लक्ष्यों से भी चूक जाएं।

### अनुशासन बनाए रखें

पोर्टफोलियो में नाटकीय रूप से बदलाव करते रहने से जोखिम बढ़ता है। ऐसी आदत लंबी अवधि के लक्ष्यों पर नकारात्मक असर डाल सकती है। बेहतर होगा कि बाजार में फौरी उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज करें और अनुशासन बनाए रखें। यदि पोर्टफोलियो में बदलाव जरूरी लगे तो छोटे-छोटे बदलाव करें। इन बदलावों से आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है। जरूरी यह है कि निवेश में हमेशा अनुशासन बनाए रखें और निवेश करते जाएं।

### घबराहट में निर्णय न लें

हमेशा याद रखें कि अर्थव्यवस्था और बाजार का मिजाज चक्रीय होता है। जिस तरह तेजी का दौर आता है, वैसा ही गिरावट का दौर भी बन सकता है। जाहिर है, गिरावट वाले दौर में घबराकर बिकवाली करना अच्छी रणनीति नहीं होगी। अच्छे शेयर अक्सर लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देते हैं।

### नुकसान में न बेचें शेयर

उतार-चढ़ाव शेयर बाजार का स्वभाव है। निवेशकों को शेयर बाजार में आई गिरावट से घबराना नहीं चाहिए। अगर आपने शेयर बाजार में पैसा लगा रखा है और इसमें आपको अभी नुकसान हुआ है तो भी आपको नुकसान में अपने शेयर बेचने से बचना चाहिए। क्योंकि लॉन्ग टर्म में मार्केट में रिकवरी की उम्मीद है। ऐसे में अगर आप अपने शेयर्स को लम्बे समय के लिए होल्ड करते हैं तो आपको नुकसान होने की उम्मीद कम हो जाएगी।



प्लानिंग से बनेगा फटाफट पैसा, आराम से कटेगा बुढ़ापा

# सिर पर आ गया रिटायरमेंट तो ऐसे करें निवेश का प्लान

जानकारी | बिजनेस डेस्क

*इक्विटी फंड लंबी अवधि में 10 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे रहे*

> *"रिटायरमेंट करीब आ गया है और आपके पास बुढ़ापे के लिए सेविंग नहीं है। ऐसे लोगों के लिए भी निवेश के कई विकल्प हैं, जहां कम समय में ही मोटा पैसा बनाया जा सकता है। अगर आप भी ऐसा कुछ सोच रहे हैं तो आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।"*

यह बात सही है कि निवेश और बचत जितनी जल्दी शुरू की जाए, उतना ही बेहतर होता है और फायदा भी ज्यादा मिलता है, लेकिन, जिंदगी की जिम्मेदारियों को पूरा करने और लोन वगैरह चुकाने में फंसकर रह गए और सेविंग नहीं कर सके। ऊपर से रिटायरमेंट भी सिर पर आ गया है तो अब कहां पैसा लगाएं, जिससे फटाफट आपके खाते में एक मोटा फंड जमा हो जाए। रिटायरमेंट की प्लानिंग भी कई बार खर्चों और जिम्मेदारी की वजह से नहीं हो पाती और आप देखते ही देखते 50 की उम्र पार कर जाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हुआ है और अभी तक रिटायरमेंट के लिए पैसे नहीं जोड़ सके हैं तो निवेश की अलग रणनीति बनाकर मोटा फंड जुटा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आपकी देनदारियां कम हों और आप बाजार में थोड़ा जोखिम उठाने के लिए भी तैयार हों। आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।



### ज्यादा रिटर्न वाले विकल्प चुनें

किसी भी नौकरीपेशा के लिए 50 साल की उम्र वह पड़ाव होता है, जब उसकी आय अपने उच्चतम स्तर पर और लोन आदि की देनदारियां लगभग खत्म होने की कगार पर रहती हैं। ऐसे में निवेशक जोखिम लेने में भी सक्षम रहता है तो उसकी पूरी रणनीति ज्यादा रिटर्न पाने की होनी चाहिए। इसके लिए इक्विटी आधारित निवेश पर जोर देना बेहतर होगा। कुछ हिस्सा इंटरनेशनल इक्विटी फंड, डेट फंड और सोने में भी लगाना चाहिए। निवेशक ध्यान रखें कि इक्विटी में लगाने वाले पैसे को कम से कम 10 साल तक बनाए रखेंगे तो 10-12% का जबरदस्त रिटर्न मिल सकता है।

### ... जोखिम नहीं लेना चाहते तो

50 साल से ज्यादा उम्र के ऐसे निवेशक, जिनमें जोखिम लेने की क्षमता नहीं होती और शॉर्ट टर्म का लक्ष्य लेकर चलते हैं, उन्हें लार्जकैप सेग्मेंट में सबसे ज्यादा निवेश करना चाहिए। ऐसे निवेशकों को लॉर्जकैप फंड में कुल फोलियो का 50%, मल्टीकैप फंड में 40%, मिड और स्मॉलकैप फंड में 10% का निवेश करना चाहिए। इसके अलावा अन्य फंड से फोलियो घटाना हो तो कम अवधि वाली एफडी और पोस्ट ऑफिस की योजनाओं में निवेश कर सकते हैं।

### यह नियम अपना सकते हैं

- 60 के करीब हैं तो 3 भाग में बाटें पैसा: जब आपकी उम्र 60 के करीब हो या आप रिटायरमेंट ले चुके हैं तो निवेश को तीन भागों में बांटकर रिटर्न का लक्ष्य बनाएं।
- पहला लिक्विड फंड का खाता बनाएं जो आपको जरूरत पड़ने पर तत्काल पैसे उपलब्ध करा सके। इसमें 40 महीने के खर्च के बराबर राशि जमा करें, जो एफडी या शार्ट टर्म बांड में लगाई जा सकती है। इसमें 15-20% का निवेश हो।
- दूसरा स्थायी आय का विकल्प तैयार करें, जिससे निवेश पर कोई जोखिम न हो और निश्चित रिटर्न भी मिलता रहे। इसके लिए वय वंदन योजना या आरबीआई बांड में पैसे लगा सकते हैं। इसमें 45-50% का निवेश करना चाहिए।
- तीसरे विकल्प में ज्यादा रिटर्न देने वाले निवेश शामिल करें, जो फंड को तेजी से बढ़ा सकें। इसके लिए बाजार से जुड़े इक्विटी उत्पाद चुन सकते हैं। इसमें 30-40% हिस्सा लगाना चाहिए।

## आपके माता-पिता के लिए बेस्ट हैं ये सुरक्षित निवेश की स्कीम

बिजनेस डेस्क

रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर निवेशक अपने रुपये पैसे को लेकर ज्यादा सजग रहते हैं और जब निवेश की बात होती है तो वह इसके लिए पूरी तरह से सुरक्षित विकल्प खोजते हैं। सीनियर सिटिजंस के लिए अपनी जमा पूंजी के बड़े हिस्से को सुरक्षित निवेश करने और उसके जरिए स्टेबल रिटर्न पाने के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे अच्छे विकल्पों में शामिल है। असल में रिटायरमेंट के बाद निवेशक बाजार का ज्यादा जोखिम लेने की स्थिति में नहीं होते हैं। ऐसे में निश्चित रूप से फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) जैसे सुरक्षित निवेश विकल्प उनके लिए बेहतर है। इस पर न सिर्फ रिटर्न की गारंटी होती है, बल्कि आपका पैसा भी सुरक्षित रहता है। सीनियर सिटीजेंस फिक्स्ड डिपॉजिट पर बैंक सामान्य एफडी की तुलना में ज्यादा ब्याज देते हैं। इन योजनाओं में जोखिम बहुत ही कम होता है।

### बैंक देते हैं ज्यादा ब्याज

सीनियर सिटीजन आम तौर पर बाजार का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। उनकी जोखिम लेने की क्षमता कम होती है और वे अपना पैसा सुरक्षित निवेश विकल्पों में निवेश करते हैं। बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान सीनियर सिटीजंस को लो रिस्क कैटेगरी का मानते हैं और उन्हें निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए एफडी पर ज्यादा ब्याज दरों की पेशकश करते हैं। एक और वजह यह है कि बैंक उन्हें अपना भरोसेमंद ग्राहक मानते हैं, क्योंकि रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर सीनियर सिटीजंस की पसंद एफडी होती है।

### सीनियर सिटीजेंस एफडी के फायदे

ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजंस फिक्स्ड डिपॉजिट में सामान्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम की तुलना में 50 बेसिस प्वॉइंट यानी 0.50 फीसदी अतिरिक्त ब्याज देते हैं। आपने तय ब्याज दर पर एफडी लॉक कर दी तो मैच्योरिटी तक दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी गारंटी के साथ रिटर्न मिलेगा। भारत में आरबीआई द्वारा बैंकों को रेगुलेट किया जा रहा है। सरकार समर्थित स्कीम होने के चलते एफडी पूरी तरह से सुरक्षित है।

### यह भी विकल्प

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी पर एनुअल बेसिस पर, तिमाही बेसिस पर या मंथली बेसिस पर इंटरेस्ट पेआउट का विकल्प चुन सकते हैं। एफडी का इस्तेमाल लोन लेने के लिए कोलेटरल के रूप में किया जा सकता है। सबसे जरूरी कि इसमें अकाउंट खोलने की प्रक्रिया बेहद आसान है।

### कितना लगता है टैक्स

बैंकों में 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत 1.50 रुपये तक की जमा पर टैक्स बेनिफिट ले सकते हैं। वहीं, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80टीटीबी के अनुसार, सीनियर सिटीजंस एफडी पर एक वित्त वर्ष में अर्जित होने वाले 50 हजार रुपये तक के ब्याज पर टैक्स नहीं देना होता है। अगर किसी वित्त वर्ष में ब्याज की राशि 50 हजार रुपये से अधिक हो तो बैंक इस आय पर टीडीएस वसूलेंगे। आईटी की धारा 194ए के तहत टीडीएस वर्तमान में 10 फीसदी कम है। वरिष्ठ नागरिक एफडी पर अर्जित ब्याज के तहत टैक्स छूट का दावा करने के लिए फॉर्म 15एच का उपयोग कर सकते हैं।

### फॉर्म 15जी/फॉर्म 15एच की प्रयोज्यता

यदि आपकी मूल आय 2.50 लाख रुपये प्रति वर्ष की छूट सीमा से कम है। केवल एक व्यक्ति (60 वर्ष तक) या एचयूएफ या ट्रस्ट, फॉर्म 15जी जमा कर सकता है। यह कंपनियों और व्यवसायों के लिए नहीं है। 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को फॉर्म 15जी के स्थान पर फॉर्म 15एच भरना और जमा करना होता है।

म्यूचुअल फंड में निवेश के कई बेहतर विकल्प, पति की रिटायरमेंट तक बना लेंगी अच्छा खासा फंड

# हाउसवाइफ भी जोड़ सकती हैं करोड़ों की रकम

अक्सर देखा जाता है कि घरेलू महिलाओं के सामने आर्थिक आजादी की समस्या आ जाती है। जिंदगी में हर काम के लिए वह पति की कमाई और पूंजी पर निर्भर रह जाती हैं। लेकिन वे भी थोड़ी सी सावधानी के साथ बचत और निवेश करें तो आर्थिक रूप से आजादी के साथ ही पति की रिटायरमेंट तक घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ एक करोड़ से ज्यादा का फंड बना सकती है।

तैयारी | बिजनेस डेस्क

*हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का निश्चित जरिया नहीं*

हाउसवाइफ की जिंदगी किसी भी नौकरी पेशा से अधिक बिजी होती है। सुबह जल्दी जागकर घर का सारा काम करना। पति के लिए नाश्ता और लंच बनाना। बच्चों का टिफिन तैयार करना और बुजुर्गों की दिनभर देखभाल करना। एक हाउसवाइफ के लिए यह सारे काम रोज सांस लेने की तरह हैं। एकदम ऑफिस में काम करने जैसा, लेकिन इतना सारी जिम्मेदारियों के बाद भी वह आर्थिक रूप से आजाद नहीं रहती। सोचो क्या उनके पास वित्तीय आत्मनिर्भरता रहती है। 100 में 90 का जवाब होगा, नहीं। पर, अगर आप थोड़ा सा वक्त और पैसा अपने लिए निकालें तो पति की रिटायरमेंट होने तक एक करोड़ से ज्यादा का फंड जुटा लेंगी। इसलिए आपको सिर्फ थोड़ी सी प्लानिंग के तहत काम करना होगा और एक महीने में अपने रोजमर्रा के खर्चे से कम से कम 2600 रुपये तक बचाने होंगे। एक स्टॉक ब्रोकर कंपनी का कहना है कि ज्यादातर हाउसवाइफ की नजर सिर्फ परिवार की देखभाल और उनसे जुड़ी जिम्मेदारियों तक सिमटकर रह जाती है। इस भागदौड़ के बीच अगर सिर्फ मट्ठी भर पैसा हर महीने अपने नाम से जमा करना शुरू कर दें, तो पति की रिटायरमेंट तक आपके पास भी मोटा फंड बन जाएगा। आज महिलाओं के लिए भी ऐसे निवेश विकल्प हैं, जहां थोड़े पैसे लगाकर भी लंबी अवधि में बड़ी पूंजी जमा हो जाती है।

### कितने पैसे की होगी जरूरत

यह बात तो सभी जानते हैं कि हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का कोई निश्चित जरिया नहीं होता। इस लिहाज से घर खर्च में पैसे बचाकर वे अपने पास हर महीने कुछ रुपये जमा कर सकती हैं। अगर आप भविष्य के लिए फंड बनाने की सोच रहीं तो बस आपको बच्चे की रोजाना टिफिन जितना खर्चा ही बचाना होगा। मान लीजिए, बच्चे की रोज की टिफिन और जेब खर्च के पीछे आपके 100 रुपये खर्च होते हैं, तो हर महीने आप 4 रविवार हटाकर भी 2,600 रुपये का फंड जुटा लेंगे।



### इन पैसों को करें निवेश

आपने देखा कि हर महीने आपके पास 2,600 रुपये जमा हो रहे हैं तो अब आप एक म्यूचुअल फंड की एसआईपी खुलवा दीजिए। म्यूचुअल फंड में आप हर महीने 2,600 रुपये भी जमा करती हैं तो लंबी अवधि यानी 10 साल से ज्यादा के समय में आपको इस पर हर साल 12 फीसदी का औसत रिटर्न मिल जाएगा।

### पति की रिटायरमेंट तक कितना पैसा

मान लीजिए आपकी शादी 28 साल की उम्र में होती है और पति की रिटायरमेंट उम्र 60 साल है। इस तरह आपके पास निवेश करने के लिए 32 साल मिलेंगे। इन 32 सालों में 2,600 रुपये हर महीने के हिसाब से आप कुल 9,98,400 रुपये यानी करीब 10 लाख रुपये का निवेश कर सकेंगी। इस पर हर साल 12 फीसदी का रिटर्न मिलता है तो 32 साल में आपका कुल फंड बढ़कर 1,17,24,172 रुपये हो जाएगा, जिसमें ब्याज की रकम 1,07,25,772 रुपये होगी।

### इकोनॉमी में 16% से ज्यादा का योगदान

ध्यान रखने वाली बात यह है कि आपने 32 साल तक लगातार एक ही निवेश बनाए रखा है। अगर आप हर साल निवेश की जाने वाली राशि में बढ़ोतरी करते हैं तो यह फंड और भी ज्यादा हो जाएगा। इस तरह, पति की रिटायरमेंट आने तक आप घर में रहकर एक करोड़ से ज्यादा फंड तैयार कर लेंगी। इस तरह हाउसवाइफ को भी आर्थिक आजादी मिलेगी और वह भी आसानी से एक बढ़िया फंड तैयार कर लेगी। इसलिए जरूरी है कि महिलाओं को भी अपने रोजमर्रा के खर्च से कुछ न कुछ बचाकर निवेश करना चाहिए। इससे उनको आत्मनिर्भर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि बढ़ाई

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष सारांश पुनरीक्षण की संशोधित अनुसूची का अंतिम प्रकाशन की तिथि बढ़ाई गई है। पहले अंतिम प्रकाशन पांच जनवरी को होना था लेकिन अब अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी 2024 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक जनवरी 2024 को क्वालीफाई तिथि मानकर मतदाता सूची के विशेष सारांश पुनरीक्षण की संशोधित अनुसूची का प्रकाशन किया जाना है।

### यजमानों ने महायज्ञ में आहुति डाली

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 के सामुदायिक केंद्र में चल रहे 101वें 54 कुंडीय शिव शक्ति जनकल्याण महायज्ञ के 8वें दिन काफी यजमानों ने महायज्ञ में आहुति डाली। जगतगुरु त्रिपुरा पीठाधीश्वर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट धर्म प्रचारक हरिओम महाराज ने सुबह के समय पूरे मंत्रोच्चारण के साथ महायज्ञ किया और जनकल्याण के लिए संकल्प करवाया।

### स्वयंसेविकाओं को दी आपदा प्रबंधन की जानकारी

**झज्जर।** पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे एनएसएस शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेविकाओं को आपदा प्रबंधन के बारे जागरुक किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अन्नु देशवाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सिक्योरिटी अध्यापक राजदीप सिंह ने स्वयंसेविकाओं को आग लगने के कारण और उस पर काबू पाने की तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को अग्निशामक यंत्र का उपयोग करना भी सिखाते हुए उसका अभ्यास भी कराया।

### गृहकर अदायगी के लिए आज खुला रहेगा कार्यालय

**झज्जर।** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि शहर के सभी प्रॉपर्टी धारकों के लिए संपत्ति कर व गृहकर अदायगी के लिए रविवार को भी नगर परिषद कार्यालय खुला रहेगा। प्रॉपर्टी डाटा को एनडीसी पोर्टल पर ऑनलाइन स्वप्रमाणित करने पर संपत्ति कर व गृहकर पर बकाया ब्याज पर सौ प्रतिशत की छूट व बकाया संपत्ति कर, गृहकर, टैक्स एरियर पर 15 प्रतिशत तथा कैशलेस भुगतान पर एक प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान की गई है।

## नीलम अहलावत ने ग्रामीणों के साथ यात्रा का जोरदार स्वागत किया

# जरूरतमंद व्यक्तियों के जीवन स्तर में सुधार के लिए सरकार सजग : नीलम

■ नीलम अहलावत ने ग्रामीणों के साथ यात्रा का जोरदार स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को गांव माजरा (डी) और सफीपुर में पहुंची। मुख्यातिथि एवं झज्जर सैंट्रल कोप्रेटिव बैंक की चेयरपर्सन नीलम अहलावत ने ग्रामीणों के साथ यात्रा का जोरदार स्वागत किया। वहीं ग्रामीण महिलाओं ने पैतृक गांव पहुंचने पर नीलम अहलावत को शाल व फूल माला पहनाकर जोरदार अभिनंदन किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फैंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को मजबूत करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक के नाते अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प दिलवाया गया। नीलम अहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, महिला, किसान व युवाओं को मजबूत करने के लिए प्रयासरत हैं। जरूरतमंद व्यक्तियों के जीवन स्तर में सुधार के लिए सरकार सजग है।

उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा ने मोदी सरकार की गारंटी की गाड़ी द्वारा वंचित पात्र लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिलवाया जा रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कोई भी गरीब भूखा न रहे और सभी गरीबों को पक्का मकान मिले। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों के घर द्वार पर पहुंच कर उन्हें योजनाओं का लाभ दे रही है ताकि गरीब व्यक्तियों का जीवन स्तर सुधर सके। इस अवसर पर गांव माजरा के सरपंच विनोद कुमार, ब्लॉक समिति सदस्य पंडित सूरजमल, जोगेंद्र अहलावत, महाबीर शर्मा, ईश्वर चंद्रमा अतर सिंह,पंच बलवान सिंह, सचिव योगेंद्र कुमार, गांव सफीपुर के सरपंच संदीप कुमार, संजय कुमार, कैप्टन विजयपाल, हवा सिंह फौजी, सतबीर नंबरदार, कृष्ण कुमार, कैलाश वाल्मीकि, सतीश कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए चेयरपर्सन नीलम अहलावत। फोटो :हरिभूमि

# धौलगिरी सदन ने जीती ट्रॉफी

**झज्जर।** ब्रिगेडियर रण सिंह पब्लिक स्कूल दुजाना में वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ ज्योति प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में स्विमिंग के लिए चुने गए ओशो कादियान व निशांत तथा नेटबाल के लिए चयनित यक्षित और हैंडबॉल के लिए चयनित यश ने भाग लिया। खेल उत्सव के दौरान जहां विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताए कराई गई वहीं चतुर्थ श्रेणी के स्टाफ, ड्राइवर एवं कंडक्टर ने भी 100 मीटर, 200 मीटर रेस तथा आया ने मटकी रेस में भाग लिया। शिक्षकों के बीच हुई म्यूजिकल रेस में चिराग ने पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता परिणामों में सीनियर कैटेगरी में बेस्ट एथलीट की ट्रॉफी वंशिश और लड़कियों की ट्रॉफी कीर्ति ने जीती। सब जूनियर वर्ग में हर्षित और डिम्पी ने बेस्ट एथलीट की ट्रॉफी हासिल की। जूनियर वर्ग में प्रिन्स और तन्वी को बेस्ट एथलीट चुना गया। सबसे अधिक मेडल जीतकर धौलगिरी सदन को चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा किया जबकि नीलगिरी सदन ने रनर-अप ट्रॉफी जीती। स्कूल के अध्यक्ष शमशेर सिंह अहलावत और नंदिता अहलावत ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।



झज्जर। योग प्रदर्शन के दौरान अपनी प्रतिभा दिखाते हुए विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों को बताए सफलता के टिप्स

**झज्जर।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय जहाजगढ़ में रोल मॉडल कार्यक्रम के अंतर्गत बॉक्सिंग राष्ट्रीय चैंपियन कुमारी प्राची धनखड़ विद्यार्थियों से रूबरू हुई। प्राची धनखड़ का स्वागत असिस्टेंट मैनेजर रविंद्र कौशिक, प्राचार्य अताउल्ला खान, सरपंच प्रतिनिधि उदय सिंह द्वारा फूल मालाओं से किया गया। प्राची ने विद्यार्थियों से अनुभव बांटते हुए उन्हें सफलता हासिल करने के टिप्स भी दिए। कार्यक्रम के दौरान जहाजगढ़ गांव की एएनएम, आंगनवाड़ी वर्कर और स्कूल की पिछले दो वर्षों की टॉपर छात्रा नेहा यादव और खुशी को भी सम्मानित किया। इसके अलावा सिविल सर्विसेज गेम में कांस्य पदक जीत कर लाने वाले स्कूल के डीपीई संदीप का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्राची धनखड़ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राध्यापक पवन, मंदीप, राकेश, अशोक, संदीप प्राध्यापिका पूनम, राजबाला जाखड़, सुमन, मोनिका, वनिता, सविता, संतोष, अन्नुबाला, कविता, जगवंती और सुदेश सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। प्राची धनखड़ को सम्मानित करते हुए रविंद्र कौशिक व अन्य। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी एवं स्टॉफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### प्रतिभा मंथन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लगाई प्रदर्शनी

**झज्जर।** शनिवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदानी में प्रतिभा मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिभा मंथन कार्यक्रम इंचार्ज अंशु पीजीटी अंग्रेजी व रेखा पीजीटी इतिहास ने बच्चों को ब्यूटीशियन, कुकिंग, टेलरिंग, आर्ट व क्राफ्ट आदि के हुनर को पहचान कर भविष्य में उसको निखारने व लघु उद्योग में बदलने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्राथमिक शिक्षिका दलवंती सहरावत को बच्चों के साथ पारस्परिक संवाद के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने बच्चों को विषय-वस्तु के साथ ही अन्य पुस्तकें पढ़ने व किसी एक शौक को जिंदा रखने के लिए प्रेरित किया। कला में रुचि रखने वाले बच्चों ने अपने हाथ से बनाई वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई तथा कक्षा दसवीं की छात्रा विधि की कला को सभी सदस्यों द्वारा विशेष रूप से सराहना की। प्राचार्य डॉक्टर भूपसिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप जिस भी कार्यक्षेत्र में काम करना चाहते हैं उस बारे में अभी से ज्यादा से ज्यादा चर्चा करें। अपने दोस्तों से सामूहिक चर्चा करें व शिक्षकों से मार्गदर्शन लें।

### बुनियाद, सुपर-100 की प्रक्रिया बताकर विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

**झज्जर।** बुनियाद एवं सुपर 100 जागरूकता कार्यक्रम के चौथे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मातनहेल में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग हरियाणा व विकल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज व खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विजय बाला ने मुख्य रूप से शिरकत की। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को विभिन्न कक्षा वर्ग के अनुसार बुनियाद तथा उच्च कक्षा के छात्रों को सुपर-100 प्रतियोगिताओं की दस्तावेजी प्रक्रिया, पंजीकरण, आवेदन, भोजन, आवास, फीस तथा कोचिंग आदि की ऑनलाइन व ऑफलाइन मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी जसवीर सिंह ने बताया कि मेधावी स्कूली छात्रों को विषय विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सा, अभियांत्रिकी तथा अन्य विविध विधाओं की कोचिंग, अनुभव एवं प्रशिक्षण प्रदान किए जाते है। छात्रों को इससे आर्थिक सहायता, आवास, ज्ञान, तकनीकी ज्ञान स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होने से प्रतिभा निखारने के लिए निःशुल्क मार्गदर्शन प्राप्त होता है। इस मौके स्कूल प्राचार्य सुरेश पाल सुहाग, प्राचार्य जसवंत सिंह, प्राचार्य महेंद्र सिंह, प्राचार्य बलजीत, हेडमास्टर ओमप्रकाश, सरपंच विजयलता, विकल्प फाउंडेशन से अनिल नरवाल, हरमिंद्र सिंह, ऋतिक, टीना रानी, अकाउंटेंट प्रीत सिंह, बीआरपी दिनेश कुमार, वेद प्रकाश, विभा, मोनिका, चेतना, सुशीला, प्रमिला व सरिता सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए शिक्षक।

## न्यूज डायरी

### जिम्नास्टिक स्पर्धा में अंशुल ने जीता कांस्य पदक

**झज्जर।** बेंगलुरु में आयोजित नेशनल गेम्स में पेस आईआईटी और मेडिकल संस्थान की 10वीं कक्षा की छात्रा अंशुल दहिया ने जिम्नास्टिक स्पर्धा में कांस्य पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया है। संस्थान निदेशक जयविकास ने बताया कि अब अंशुल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी करेंगी। इस उपलब्धि पर संस्थान में फन-डे का आयोजन भी किया गया। उन्होंने अंशुल को संस्थान की ओर से भी सम्मानित किए जाने की बात कही।



कांस्य पदक विजेता अंशुल दहिया स्टॉफ के साथ।

### अभिभावकों ने ली बच्चों की शैक्षणिक रिपोर्ट

**झज्जर।** हिमालय हाई स्कूल में शनिवार को पीटीएम का आयोजन किया गया। मुख्याध्यापिका लीला देवी ने बताया कि इस दौरान अभिभावकों ने स्कूल पहुंच कर अपने बच्चों की शैक्षणिक रिपोर्ट ली। इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई को लेकर अभिभावकों के सुझाव भी लिए गए। शीतकालीन अवकाश के दौरान सर्दी से बचने के लिए भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया।



झज्जर। पीटीएम में मौजूद अभिभावक एवं शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### एचडी विद्यालय में एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**झज्जर।** हरियाणा नेवल यूनिट एनसीसी फरीदाबाद द्वारा एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में एक दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को अनुशासन, एकता और देशभक्ति के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी गई। विद्यालय के सीटीओ सतवंत जाखड़ ने एनसीसी से जुड़ने के फायदों से अवगत कराते हुए बताया कि इससे जहां सरकारी नौकरी में प्राथमिकता मिलती है, वहीं सेना में भर्ती होने के लिए विशेष छूट दी जाती है। अन्य सरकारी सेवाओं में भी एनसीसी के प्रमाण-पत्र को प्राथमिकता मिलती है। इस दौरान एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह भी मौजूद रहे।



झज्जर। विद्यार्थियों को एनसीसी से संबंधित जानकारी देते हुए प्रशिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### लड़कियों के सपने पूरा कराने में सहयोग जरूरी

**झज्जर।** ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग व जिला विधि सेवा प्राधिकरण के सहयोग से तलाव, सिकंदरपुर व उखलचना गांव में कम्युनिटी मोबिलाइजेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किशोर लड़कियों के सपनों व अकांक्षाओं को पूरा कराने में अभिभावकों को सहयोग के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अशोक, उर्मिला, सोनिया, नरेंद्र, ममता मीणा, पूनम, अनुराधा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### पूर्व छात्रों का हुआ अभिनंदन

**झज्जर।** मदर इंडिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मारौत के पूर्व छात्र मनीष कुमार का सहायक जिला अटॉर्नी हरियाणा के पदक पर और जतिन कुमार का मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली डिपार्टमेंट में हॉस्टन मेडिकल सर्विसेज के लिए चयन हुआ है। दोनों पूर्व विद्यार्थियों के चयन पर स्कूल में अभिनंदन समारोह मनाया गया। स्कूल पहुंचने पर प्राचार्या संतोष कुमारी, संस्था निदेशक रामफूल शास्त्री, पवन शर्मा, मास्टर राजपाल, कपिल, आशा, प्रदीप जांगड़ा, धर्मबीर आदि ने स्वागत किया।



झज्जर। पूर्व छात्र मनीष व जतिन को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं शिक्षक।

### श्री कृष्ण भवन में रक्तदान शिविर तीन जनवरी को

**झज्जर।** राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आगामी तीन जनवरी को सिलानी गेट स्थित श्रीकृष्ण भवन यादव धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। युवा कांग्रेस झज्जर अध्यक्ष रामअवतार गहलावत उर्फ दीपक ने बताया कि सुबह नौ बजे से दोपहर बाद चार बजे तक चलने वाले इस शिविर में रक्त एकत्रण का कार्य स्थानीय नागरिक अस्पताल व रेडक्रॉस की टीम द्वारा किया जाएगा।

### शिविर में 66 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**झज्जर।** बेरी के अग्रवाल स्वागत भवन में गैर सरकारी संस्था युवा जागृति एवं सामाजिक उत्थान मंच द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एम्स बाढ़सा ब्लड बैंक की टीम ने डॉक्टर आयुष व ज्योति के नेतृत्व में सेवाएं दीं। शिविर का शुभारंभ संगठन संयोजक एवं पूर्व पार्षद जयभगवान, संगठन के पूर्व अध्यक्ष नवीन बंसल, अध्यक्ष दिनेश कुमार, मोहित वर्मा, प्रतीक बंसल व मोहित भागलपुरी ने किया। मशिविर में कुल 66 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर सुनील गौड़, तरुण आनंद, मनीष, गौरव, अनिल कुमार, नवीन बंसल, परम बंसल, कमलेश, लक्ष्मी मित्तल, प्रदीप, रविंद्र आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में अपने टीचर्स के साथ विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**बहादुरगढ़।** गांव लडरावण में स्थित श्रीस्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को नव वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नर्सरी से तीसरी कक्षा के छात्रों के बीच फैंसी ड्रेस, रंगारंग कार्यक्रम और चौथी से बारहवीं कक्षा के छात्रों के मध्य नव वर्ष का ग्रीटिंग कार्ड बनाओ प्रतियोगिता रखी गई। प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी विद्यार्थियों ने एक दूसरे को तथा अपने अध्यापक-अध्यापिकाओं को हाथ से बने हुए ग्रीटिंग कार्ड देकर नव वर्ष की बधाई दी। सबसे अच्छा ग्रीटिंग कार्ड बनाने वाले विद्यार्थियों को स्कूल संचालक की तरफ से पुरस्कार दिया गया। स्कूल चेयरमैन अभिषेक छिल्लर ने कहा कि आप सभी विद्यार्थियों का नया साल स्वास्थ्यवर्धक, ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी रहे ताकि आप अपने छोटे-छोटे प्रयासों से जीवन की बड़ी-बड़ी उपलब्धियां प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इसलिए आप सभी विद्यार्थियों को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर की तैयारी शुरू

**बहादुरगढ़।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल की एनएसएस यूनिट ने तीसरा एक दिवसीय शिविर आयोजित किया। स्कूल प्रांगण को साफ करते हुए पेड़ पौधों की निराई की गई। एनएसएस यूनिट के स्वयंसेवकों ने आगामी एक जनवरी से सात जनवरी तक स्कूल में लगने वाले राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर की जोर-जोर से तैयारी की। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने राज्य स्तरीय शिविर के लिए मंच साज सजावट और नव वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार के फूल पत्तियां कागजों से तैयार करके मंच को जीवंत बनाने के लिए प्रयास किया। स्कूल की एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी इतिहास प्रवक्ता राकेश वत्स ने बताया कि आने वाले शरदकालीन अवकाश में सात दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से स्वयंसेवकों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा बाहर निखर कर सामने आएगी। प्रिंसिपल सुरेश सैनी ने इस अवसर पर स्वयंसेवकों के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर स्कूल के गणित प्रवक्ता दिनेश भारद्वाज, अनिल अहलावत, पवन काजला, मनोवैज्ञानिक प्रवक्ता रविंद्र, भौतिक प्रवक्ता सुरेश वर्मा, भूगोल प्रवक्ता अशोक, हिंदी प्रवक्ता जोगेंद्र व संजय मलिक आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। सजावट के लिए कागज से फूल-पत्तियां तैयार करती स्वयंसेविकाएं। फोटो :हरिभूमि



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**बहादुरगढ़।** गांव सराय औरंगाबाद के नजदीक स्थित बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नव वर्ष 2024 का आगमन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने कई प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेकर बच्चों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। इस अवसर स्कूल की डायरेक्टर डॉ. सीमा छिल्लर व प्रिंसिपल पूनम चौधरी ने विद्यार्थियों को नव वर्ष की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नव वर्ष सभी बच्चों व अभिभावकों के जीवन में अपार खुशियां लेकर आए। नववर्ष पर सभी को समाजहित में कार्य करने का कोई ना कोई संकल्प जरूर लेना चाहिए, चाहे वह कार्य साफ सफाई करने का हो, पौधारोपण करने का हो, रक्तदान करने का हो, किसी जरूरतमंद की मदद करने का हो या इसके अलावा कोई भी ऐसा कार्य हो जिससे समाज का हित हो और जरूरतमंद की सहायता हो सके।



महेंद्रगढ़। आरपीएस स्कूल का भवन।

स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर 150 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि :शुल्क

### आरपीएस में स्कॉलरशिप टेस्ट आज

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस विद्यालय में 31 दिसंबर को आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा दे सकते हैं। परीक्षा में कक्षा तीसरी से 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर-30 के लिए कक्षा नौवी व 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा, जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी रविवार को सुबह 9:30 बजे तक पहुंचकर अपना पंजीकरण अवश्य करवा लें। परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन 31 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे होगा। 150 विद्यार्थियों का चयन आरपीएस ग्रुप करेगा जिन्हें विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से की जाएगी। परीक्षा में कक्षा तीसरी से छठी तक ईवीएस, अंग्रेजी, मैथ के 20-20 प्रश्न कक्षा स्तर के आधार पर पूछे जाएंगे ।

## यज्ञ को विधि विधान से आचार्य सोमदेव ने पूर्ण करवाया

# यज्ञ में आहुति डालकर जीव सेवा का संकल्प लिया

■ मनुष्य अगर गोमाता को महत्व देना सीख ले तो गोमाता उसके हर दुख को दूर कर सकती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जाखोदा स्थित वन्य गो एवं जीव उपचार केंद्र में आयोजित वार्षिक उत्सव के तीसरे दिन का कार्यक्रम यज्ञ के साथ शुरू हुआ। यज्ञ में आहुति डालकर सुख-समृद्धि की कामना की गई। जीव प्रेमियों ने जीवों की रक्षा और सेवा का संकल्प भी लिया। यज्ञ में यजमान के तोर पर सूर्या रोशनी से अवधेश व संजय सिंह मौजूद रहे। यज्ञ को विधि विधान से आचार्य सोमदेव ने पूर्ण करवाया। यज्ञ के बाद यजमान अवधेश व संजय सिंह ने गोवंश महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य अगर गोमाता को महत्व देना सीख ले तो गोमाता उसके हर दुख को दूर कर सकती है। गाय हमारे जीवन से जुड़ी है। गाय के दूध से लेकर मूत्र तक का उपयोग किया जाता है। गोमूत्र से बनने वाली दवाएं बीमारियों को दूर करने के लिए रामबाण मानी जाती है। जिस घर में गोपालन किया जाता है, उस घर के लोग संस्कारी और सुखी होते हैं। इसके अलावा जीवन-मरण से मोक्ष भी गोमाता ही दिलाती है। अक्सर लोग मरने से पहले गाय की पूंछ छूते हैं ताकि जीवन में किए गए पापों से मुक्ति मिले। रोज पंचगव्य का सेवन करने वाला सभी व्याधियों से मुक्त रहता है। हवन के बाद आर सी उपाध्याय एंड पार्टी के कलाकारों ने अपनी रागनियों द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे गोसेवकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में मंच संचालन सुशील राठी व नीतिश गौड़ ने किया। शनिवार के कार्यक्रम में सेक्टर-2 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष गुलाब मालिक, सेक्टर-2 आरडब्ल्यूए के पूर्व अध्यक्ष सुनील छिल्लर, मशहूर कलाकार पंडित रामकेश जीवनपुरिया, पूर्व सरपंच पवन जाखौदा, विजय दलाल प्रतिनिधि पार्षद ब्लॉक समिति जाखोदा, मुकेश पहलवान घेवरा, समाजसेवी धर्मवीर हुड्डा, राजेश आर्य सहित काफी लोग उपस्थित रहे।





बहादुरगढ़। कार्यक्रम में आए अतिथियों का सम्मान करते पदाधिकारी।

### एसकेएम के अभियान में भागीदारी करेगा संगठन

**बहादुरगढ़।** संयुक्त किसान मोर्चा जनवरी महीने में सभी फसलों की खरीद के लिए सी-2 प्लस 50 प्रतिशत की दर से एमएसपी की कानूनी गारंटी देने, ऋण माफी के जरिए किसानों को कर्ज मुक्त करने, बिजली के निजीकरण को रोकने सहित विभिन्न मांगों को हासिल करने के लिए जोरदार अभियान चलाएगा। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन इस अभियान को सफल बनाने में भागीदारी करेगा। यह जानकारी संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अनूप सिंह और सचिव जयकरण मांडोठी ने दी है। इन किसान नेताओं का कहना है कि हम एक से 20 जनवरी तक घर-घर जाकर और पर्चे बांट कर जन जागरण अभियान चलाएंगे। राष्ट्रपति के नाम एक मांग-पत्र पर हस्ताक्षर कराएंगे। इस जन अभियान के माध्यम से भाजपा की मोदी सरकार की किसान विरोधी व पूंजीपतिपरस्त आर्थिक नीतियों का पदार्फाश किया जाएगा। भंयकर बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी और ऋणग्रस्तता जैसी समस्याएं इन्हीं नीतियों के नतीजे हैं। इससे प्रति व्यक्ति आय में गिरावट, आर्थिक असमानता बढ़ी रही है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी नहीं मिल रही है। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ता घर-घर जाकर पर्चे बांटेंगे और इस संघर्ष में लोगों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर पूरे प्रदेश में जिलास्तर पर सभी किसान संगठन मिलकर ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे। ट्रैक्टरों के साथ-साथ अन्य वाहन और मोटर बाइक भी किसान मार्च में शामिल होंगे।

**सूचना**

मैं, मुकेश सिंह पुत्र श्री ब्रहमा सिंह निवासी 658/2, सुभाष नगर, लाईनपार बहादुरगढ जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राहुल सिंह मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, गोविन्द राम पुत्र श्री विष्णु दत निवासी गाँव बालौर, बहादुरगढ जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरी पुत्री पूजा वत्स उर्फ पारस वत्स मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सुशासन में जिला अव्वल बेटी पलक ने जीता दिल



## 20 देशों की सुंदरियों ने लूटा दिल

कार्यक्रम में 20 देशों की सुंदरियों ने बेटी बचाने की अलख जगाई। मिस सुपरमॉडल वर्ल्डवाइड कॉन्टेस्ट के लिए भारत में एकत्र हुई ये विश्व सुंदरियां गांव लोवा खुर्द के मंदिर पर पहुंची और वहां स्वच्छता अभियान भी चलाया। साथ ही ग्रामीणों को प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया।

## हादसे में दो दर्जन मजदूर घायल



केएमपी एक्सप्रेस वे पर 4 मई को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। ट्रक चालक ने सड़क किनारे खड़े कंटेनर में सीधी टक्कर मारी। हादसे में करीब दो दर्जन मजदूर घायल हो गए। घायलों में शादी समारोह में काम करने वाले कामगार शामिल थे।

## नप की 12 मई को दो दिनों तक चली बैठक



नगर परिषद की 12 मई को दो दिनों तक चली बैठक में फाइनेंस एंड कॉन्ट्रेक्ट कमेटी के सदस्यों के लिए हुए चुनाव में पार्षद नीना राठी और संदीप दहिया ने जीत हासिल की। बैठक के दौरान पॉवर हाउस चौक का नाम अंबेडकर चौक रखने के प्रस्ताव पर उपाध्यक्ष पालेराम शर्मा की एक टिप्पणी से पार्षद उखड़ गए और नौबत हाथापाई तक पहुंचते-पहुंचते बची।

## हरियाणा बंद रहा बेअसर

सर्वखाप और भारत भूमि बचाओ संघर्ष समिति द्वारा 14 जून को घोषित हरियाणा बंद औपचारिकता तक सीमित रहा। केएमपी टोल प्लाजा के निकट हवन करने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर आसौदा मोड़ के निकट करीब 2 घंटे के लिए दिल्ली-रोहतक मार्ग पर जाम लगा दिया। छारा में राष्ट्रीय राजमार्ग 334-बी पर भी ग्रामीणों ने करीब 40 मिनट जाम लगा दिया।




*बहादुरगढ़। शहीद चंद्रशेखर आजाद के स्थान पर लगाया गया महाराजा रणबीर सिंह रोहिल्ला का नाम। उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर से 16 अगस्त को आई पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी के पुत्र एवं चेयरपर्सन सरोज राठी के देवर कमल राठी को फिल्मी स्टाइल में गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद शहर थाना में भाजपा नेताओं का जमावड़ा लग गया। घंटों तक हंगामा होता है। कमल के साथ मारपीट का आरोप लगाया गया। फिर उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया।*




बहादुरगढ़ के सेक्टर-7 में स्थित स्वागत द्वार से 'शहीद चंद्रशेखर आजाद' का नाम हटाकर 5 अगस्त को महाराजा रणबीर सिंह रोहिल्ला रख दिया गया। यह देखते ही शहर के देशभक्त नागरिक भड़क गए और इंटरनेट मीडिया पर फजीहत होने के बाद नगर परिषद ने अगले ही दिन इसे बदलवा दिया।

## पलक गुलिया ने एशियन गेम्स में जीता स्वर्ण

एशियन गेम्स में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर लौटी पलक गुलिया का 8 अक्टूबर को उनके गांव निमाणा में गुलिया खाप द्वारा अभिनंदन किया गया। ढांसा बॉर्डर से गांव तक पलक का विजय जुलूस निकाला गया। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, ओमप्रकाश धनखड़, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, विधायक रघुबीर कादियान, कुलदीप वत्स व इंदूराज भालू ने भी पलक का अभिनंदन किया।



## जगदीश नंबरदार ने की आत्महत्या



बहादुरगढ़। पूर्व मंत्री मांगेराम के ज्येष्ठ पुत्र एवं भाजपा नेता जगदीश नंबरदार ने 11 जनवरी को आत्महत्या कर ली। परिजनों की शिकायत पर इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी, को-ऑपरेटिव बैंक के पूर्व एमडी महेंद्र सिंह राठी, हरियाणा पुलिस के सब इंस्पेक्टर अश्विनी, पूर्व पार्षद के पति अजय दलाल उर्फ सोनू व पटवारी श्याम सहित छह लोगों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 306 व 34 के तहत केस दर्ज हुआ।

## पार्षद जितेंद्र राठी हुए गिरफ्तार



बहादुरगढ़। जितेंद्र राठी को अदालत में पेश करने ले जाती पुलिस।

बादली रोड स्थित एक विवादित प्लॉट पर बिजली का मीटर लगवाने से जुड़े मामले में पार्षद जितेंद्र राठी को पुलिस ने 20 जनवरी को गिरफ्तार किया। पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी की शिकायत पर पर पुलिस ने पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की पत्नी शीला राठी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 420, 467, 468 व 471 के तहत केस दर्ज किया था।



हरियाणा परिवहन निगम ने 11 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करवाते हुए बाईपास पर बस अड्डे के साथ लगती जमीन पर कब्जा लेते हुए सील लगा दी। पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी के परिवार की जमीन का सरकार ने वर्ष 2011 में अधिग्रहण किया था। हाइकोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट में भी वे इस जमीन का केस हार गए थे।

## मालगाड़ी का वैगन बेपटरी

बहादुरगढ़ में रेलवे ट्रैक पर 20 जून को एक सांड से टकराकर मालगाड़ी का वैगन बेपटरी हो गया। टक्कर लगने के बाद 725 मीटर दूर जाकर गाड़ी रुकी। रेलवे के डीआरएम डिंपी गर्ग सहित अन्य अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ।





झज्जर। तिलक लगाकर विदेशी मेहमान का स्वागत करते हुए।

## जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप के डेलीगेट्स

*बीते चार मार्च को जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप के डेलीगेट्स ने प्रतापगढ़ फार्म का भ्रमण किया था। झज्जर आगमन पर विदेशी मेहमानों का पारंपरिक रूप से माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया था। सभी मेहमानों को हरियाणा में सम्मान की सूचक पगड़ी बांधी गई थी और बीन, ढ़ोल नगाड़ों के साथ फार्म के अंदर ले जाया गया था।*

## एक्सईएन व एसडीई भिड़े



लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में 16 फरवरी को एक्सईएन अनिल रोहिल्ला और एसडीई सुनील कुमार आपस में भिड़ गए। नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। सूचना मिलने पर सेक्टर-6 थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता के निर्देश पर दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया।

## गुरु-शिष्य अवार्ड की शुरूआत



*अंडरकट वुड कार्विंग के लिए दुनियाभर में विख्यात बोंदवाल परिवार की तीन पीढ़ियों को पांच राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके है। उन्होंने 5 नवंबर को दिवंगत जयनारायण बोंदवाल के नाम पर गुरु-शिष्य परम्परा अवार्ड की शुरूआत की। पहला अवार्ड राजस्थान निवासी नेशनल अवार्डी राम सोनी और बहादुरगढ़ निवासी साक्षी गर्ग को मिला।*

*किसी शरारती तत्व ने 6 जुलाई को मेट्रो पिलर नंबर-867 पर बने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर कालिख फेंक दी। इस घटना से लोगों की भावनाएं आहत हुई। सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने नफरत फैलाने भरा यह कृत्य करने वाले की पहचान कर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई।*




## पंडित श्रीराम शर्मा पार्क में बने ओपन थिएटर पर चला पीला पंजा



बीते 30 जनवरी को पंडित श्रीराम शर्मा पार्क में बने ओपन थिएटर पर पीला पंजा चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। बाद में पंडित श्रीराम शर्मा पार्क में बने ओपन थिएटर को गिराए जाने की सूचना मिलने पर बजरंग दल सहित अन्य संगठन श्रीराम शर्मा पार्क में पहुंचे थे और अपना रोष प्रकट किया था।

## हेल्थ प्लेटफार्म इंफोर्मेशन में झज्जर जिले को भारतवर्ष में मिला पहला स्थान



झज्जर। बैठक को संबोधित करते हुए सीएमओ ब्रहमदीप सिंह।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश भर में इंटीग्रेटेड हेल्थ प्लेटफार्म इंफोर्मेशन (आईएचआईपी) पोर्टल पर प्रतिदिन लैब से लेकर डॉक्टरों के डायग्नोज के आकलन करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सर्वे किया गया था। जिसमें भारत वर्ष में हरियाणा के झज्जर जिला प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

## झज्जर के छौरे ने 67 भाषाओं में काम करने वाले चैटबाट का नाम दिया रघुराई बोट



गांव झांसवा निवासी महज 14 वर्षीय कार्तिक ने 67 भाषाओं में काम करने वाले चैटबाट बनाया है और उसका नाम भी रखा है रघुराई बोट। साधारण परिवार में जन्मे कार्तिक राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल लडायन का छात्र है। कार्तिक का दावा यह भी है कि उनका चैटबाट अपडेट भी होता रहेगा।

## हरियाणा लोक सेवा आयोग की परीक्षा में साक्षी ने पाया तीसरा रैंक

फरवरी में आए हरियाणा लोक सेवा आयोग की परीक्षा में नई बस्ती निवासी साक्षी ने तीसरा रैंक प्राप्त किया। हिंदू कॉलेज से बीएससी मैथ्स ऑनर्स करने वाली इसके साक्षी जांगड़ा ने मई में जारी संघ लोक सेवा आयोग के परीक्षा परिणाम में 220वां रैंक हासिल किया। इसके बाद साक्षी के घर बधाई देने वालों का तांता लग गया।



## बिजली मंत्री पहूंचे फुटवियर पार्क

गणपति धाम और फुटवियर पार्क में 18 अक्टूबर को पहुंचे बिजली मंत्री रणजीत चौटाला और सांसद डॉ. अरविंद शर्मा के समक्ष बहादुरगढ़ के उद्यमियों ने विद्युत आपूर्ति में सुधार की मांग करने के साथ ही निगम और उद्यमियों में समन्वय की जरूरत बताई। कार्यक्रम में यूएचबीवीएनएल के निदेशक अश्वनी रहेजा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।





...ंडो में शिकायत के बाद जांच में मिली लाखों की गड़बड़

गांवों में कचरा शेड बनाने में भी लगाया सरकार को चूना

दोषियों को चिह्नित कर रिकवरी करने की मांग

हरिभूमि ने 27 मार्च को एक अन्य घोटाले का एक्सक्लूजिव खुलासा किया। पंचायती राज विभाग द्वारा गांव महराणा, दुजाना, दादरी तोए और तुम्बाहेड़ी आदि में सॉलिड वेस्ट प्रबंधन के नाम पर कूड़ा शेडों का निर्माण करने पर 18 लाख 44 हजार 772 रुपए खर्चे हुए। जबकि शिकायत के बाद जांच में पीडब्ल्यूडी ने माना कि इन पर 10 लाख 57 हजार 938 रुपए ही खर्च होने चाहिए थे।

हरिभूमि ने 11 मार्च को किया बहादुरगढ़ नगर परिषद में एनडीसी (नो ड्यूज सर्टिफिकेट) के नाम पर 9 लाख रुपए के गबन का पर्दाफाश किया। जिसका संज्ञान लेते हुए कार्यकारी अधिकारी ने शहर थाना पुलिस में शिकायत दी। इसके बाद धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया।



नगर परिषद में फर्जी रसीदें काटकर लगा दिया सरकार को लाखों रुपये का चूना

## अवैध कालोनियों पर मुहर:

प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही अवैध कालोनियों के नियमितीकरण पॉलिसी के अंतर्गत मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पहले चरण के दौरान शहरी सीमा सटी 37 में 32 अवैध कालोनियों को अप्रूवड कर दिया है।



## सुभाष बने चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के प्रधान



बहादुरगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव 5 अप्रैल को संपन्न हुए। सभी 21 सदस्यों की कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हो गया। इस दौरान सुभाष जग्गा को प्रधान, विकास आनंद सोनी को वरिष्ठ उप प्रधान, नरेश बंसल को उप प्रधान, अखिल मित्तल को महासचिव, पवन जैन सह सचिव और जेके अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

## पत्नी और दो बच्चों को मारकर खुद ने भी फांसी का फंदा लगाकर दी जान

अप्रैल माह में क्षेत्र के गांव मदाना में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई थी। यहां एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते अपनी पत्नी, बेटी और बेटे की हत्या करने के बाद स्वयं भी फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी थी। मृतकों की पहचान नरेश पुत्र बजे सिंह , उसकी पत्नी सुमन, बेटी अनुष्का तथा बेटे नमन के तौर पर की गई थी।



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 27 दिसंबर को गांव छारा में स्थित लाला दिवान चंद आधुनिक कुश्ती योग केंद्र में पहुंच गए। यहां उन्होंने पहलवानों के साथ कसरत की, मैट पर बजरंग पूनिया और उनके गुरु वीरेंद्र आर्य के साथ दांव-पेच भी लगाए। करीब अढ़ाई घंटे तक राहुल ने पहलवानों के साथ चर्चा की।

## योगेश ने पैरालंपिक में जीता रजत पदक



टोक्यो पैरालंपिक के पदक विजेता योगेश कथूनिया ने 12 जुलाई को फ्रांस के पेरिस में हुई वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देश के लिए रजत पदक जीत लिया। इसके बाद अक्टूबर महीने में योगेश ने चीन में हुए पैरा-एशियन गेम्स में भी रजत पदक जीता।

## कलयुगी पुत्र ने ली पिता की जान



शहर की राधा स्वामी कालोनी में पुत्र द्वारा पिता की हत्या करने की वारदात को अंजाम दिया गया। मृतक की पहचान करीब 46 वर्षीय रोहताश पुत्र दयाकिशन के तौर पर की गई है।



*बहादुरगढ़। शहीद चंद्रशेखर आजाद के स्थान पर लगाया गया महाराजा रणबीर सिंह रोहिल्ला का नाम। उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर से 16 अगस्त को आई पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी के पुत्र एवं चेयरपर्सन सरोज राठी के देवर कमल राठी को फिल्मी स्टाइल में गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद शहर थाना में भाजपा नेताओं का जमावड़ा लग गया। घंटों तक हंगामा होता है। कमल के साथ मारपीट का आरोप लगाया गया।*

## नप एक करोड़ दस लाख का घोटाले ने चौकाया



परिवेदना समिति की बैठक में एक बार फिर झज्जर नगरपरिषद में पिछले डेढ़ साल से चल रहे सफाई के नाम पर हुए एक करोड़ दस लाख के मामला उठा। शिकायतकर्ता रामनिवास सिंगला के अनुसार वह सातवीं बार परिवेदना समिति की बैठक में इस मामले को लेकर पहुंचे है। लेकिन जिस तरह से इस मामले में लीपापोती चल रही है उससे नहीं लगता कि इस मामले में उन्हें न्याय मिल पाएगा।